राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

शीघ्र परीक्षण के अभिनव तरीकों को कानूनी प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता
—राज्यपाल

जयपुर, 07 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने समय पर न्याय देने और लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए शीघ्र परीक्षण के अभिनव तरीकों को कानूनी प्रक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने कहा कि शानदार खंभों वाली इमारत की प्रभावशाली गोलाकार संरचना संसद भवन की तरह दिखाई दे रही है। केंद्र में गुंबद से गोलाकार इमारत की सुंदरता बढ़ रही है।

राज्यपाल श्री मिश्र शनिवार को जोधपुर में भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राजस्थान उच्च न्यायालय के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप हमारी स्वतंत्रता के लिए पंथ, लिंग, धर्म आदि के किसी भी भेदभाव के बिना सामाजिक—राजनीतिक—आर्थिक न्याय, राष्ट्र के लोगों की आशा और उम्मीदों को न्यायपालिका देखती है। लोगों का न्यायपालिका पर विश्वास है।

श्री मिश्र ने कहा कि न्याय के इस नये भवन में भविष्य के न्यायिक अभियानों को अपनी क्षमताओं के साथ शुरू करें। न्याय के इस मंदिर की अखंडता और पवित्रता को बनाने में सभी सहयोगी बने। न्याय की अवधारणा में निहित सद्भाव, शांति और समावेशी समाज के निर्माण के लिए न्याय को प्राथमिकता दी जाए। न्याय के आदर्शों को प्राप्त करने के लिए समय पर कार्य पूरे किये जाये।

राज्यपाल ने कहा कि कानून सामाजिक हितों के लिए होता है। लोक अदालत, कानूनी मदद व जागरूकता कार्यक्रम, राजस्थान के उच्च न्यायालय की पहल को प्रोत्साहित करते हैं। लोगों में जागरूकता लाने और कानून प्रणाली के कामकाज को मजबूत करने के लिए न्याय व्यवस्था सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। **फोटो — 1, 2, 3**

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के साथ जोधपुर मे शनिवार को प्रातः अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दीक्षांत समारोह में भी भाग लिया। **फोटो — 4, 5**

राज्यपाल ने कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता शीतल को बधाई दी

जयपुर, 07 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान पुलिस की होनहार पहलवान शीतल तोमर को बधाई दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि साउथ ऐशियन गेम्स में कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल पर राजस्थान को गर्व है। आर एसी की 5वीं बटालियन में प्लाटून कमाण्डर शीतल तोमर को राज्यपाल श्री मिश्र ने पूरे प्रदेश के वासियों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी है।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल